# पंडित गोविंद बल्लभ पंत का देश के विकास योगदान हमेशा याद रहेगा : सीएम धामी

श्रद्धांजलि

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पंडित गोविंद बल्लभ पंत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री ने भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की जन्म जयंती पर भावपूर्ण स्मरण करते हुए कहा कि देश के विकास उनका योगदान हमेशा याद रहेगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पंडित गोविंद बल्लभ पंत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कहा भारत रत्न स्व. पंत एक महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, देशभक्त, समाजसेवी और कुशल प्रशासक थे।
उन्होंने कहा कि पंडित पंत ने देश को नई दिशा देने का काम किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि वे कुली बेगार प्रथा व जमींदारी उन्मूलन के लिए निर्णायक संघर्ष कर समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने में अहम भूमिका निभाई। हिन्दी को राजभाषा के रूप में प्रतिष्ठित कराने और उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री व देश के गृहमंत्री रहते हुए आधुनिक भारत के निर्माण में भी उनकी महती भूमिका रही। उनका संघर्षशील और प्रेरणादायी नेतृत्व देशवासियों के लिए सदा प्रेरणा का स्रोत रहेगा।

## पहाड़ी महासभा ने किया स्व. पंत की जयंती पर किया रक्तदान शिविर

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
पहाड़ी महासभा ने पंडित गोविंद बल्लभ की जयंती पर पंत पार्क में पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मेला चिकित्सालय में पहाड़ी महासभा ने रक्तदान शिविर लगाया।
इसमें मुख्य अतिथि के रूप में शिविर का शुभारंभ महामंडलेश्वर ललितानंद महाराज, महंत रघुवीर दास के सानिध्य में अपर जिला अधिकारी पीएल शाह, कमांडेंट पीएसी सुरजीत पंवार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मनीष दत, सीएमएस राजेश गुप्ता, उषा ब्रेको के रीजनल प्रबंधक मनोज डोभाल ने रक्तदान शिविर का शुभारंभ कराया। मुख्य अतिथियों ने सभी रक्त दाताओं का स्वागत व अभिनंदन किया।
इस मौके पर पहाड़ी महासभा के अध्यक्ष सुभाष पुरोहित ने कहा कि आज डेंगू के प्रकोप से लोग हताहत है। हम सबकी जिम्मेदारी है कि खून की कमी से कोई जनहानि ना हो। रक्तदान के लिए लोगों को जागरूक करना बहुत आवश्यक है। महामंत्री इंद्र सिंह रावत ने कहा डेंगू के प्रकोप से समाज को बचाने के लिए रक्तदान हेतु सामाजिक संस्थाओं को आगे आना चाहिए। इस अवसर पर 68 रक्त वीरों ने रक्तदान किया। पहाड़ी महासभा के रक्तदान शिविर में राजेश लखेड़ा, दिनेश लखेड़ा, राकेश नौटियाल, तरुण व्यास आदि ने सहयोग किया।

# नीरजा देवभूमि चैरिटेबल ट्रस्ट ने निर्धन बच्चों को वितरित किए ट्रैक सूट वितरित

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
नीरजा देवभूमि चैरिटेबल ट्रस्ट के माया कुण्ड क्षेत्र में चलाए जा रहे निर्धन बच्चों के शिक्षण संस्थान में कार्यक्रम के दौरान 25 बच्चों को ट्रैक सूट वितरण किए।
रविवार को ट्रस्ट की संस्थापक नीरजा गोयल ने कहा कि सरकार निर्धन और असहाय बच्चों को शिक्षा दिए जाने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही है। इसके बावजूद भी जागरूकता के अभाव में कुछ लोग अपने बच्चों को शिक्षा देने से आज भी वंचित हैं। इसे देखते हुए उनका ट्रस्ट इस प्रकार के बच्चों को एकत्रित कर उन्हें अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए शिक्षित किए जाने का अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार सनातन धर्म में अनेक प्रकार के दान दिए जाने का महत्व बताया गया है। उसी प्रकार शिक्षा का दान



भी महादान है।उन्होंने कहा कि अभी तक उनकी संस्था ने सैकड़ों बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित कर कर विद्यालय में भेजा है। ट्रैक सूट पाकर बच्चों के चेहरे पर एक अलग ही खुशी का अनुभव महसूस हो रहा था। कार्यक्रम की संचालिका नूपुर गोयल ने कहा कि उनकी संस्था के किए जा रहे कार्यों को देखते हुए आज उनकी संस्था से अनेक समाजसेवी लोग जुड़कर जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए आगे आ रहे हैं। इसके लिए ट्रस्ट सभी समाजसेवी लोगों का धन्यवाद भी करता है। इस अवसर पर अध्यापिका शिखा पाल , गोल्डी ब्रज, चेरी भाटिया, बिना भाटिया आदि भी मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### गुरुकुल के 14 छात्रों का विभिन्न कम्पनियों में चयन

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय के इंचार्ज सीएओसी एवं ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. राजुल भारद्वाज ने बताया कि प्रवेश सम्बन्धी प्रक्रिया पूर्ण करने के पश्चात कम्पनी ने गुरुकुल के 14 छात्रों का चयन किया।
इसमें नेक्टर लाइफ साइंसेज (डेराबस्सी) कंपनी ने एमएससी के नदीम, एकम्स ड्रग्स फार्मास्यूटिकल्स प्रा.लि. कम्पनी ने बीफार्मा के व्योम शर्मा, दृष्टि आईएएस कंपनी से माधवी (एचआर मैनेजर) ने एमए के सिद्धान्त चौधरी, एमबीए के विदित, विकास कुमार, अविरल चौहान एवं नितिन सैनी तथा कन्सट्रक्ट लर्निंग सोल्यूशन्स प्रा.लि. कंपनी से दीपांशु गुप्ता (संस्थापक) एवं दीप्ति यादव (असिस्टेन्ट एचआर मैनेजर) ने एमसीए के आकाश विश्वकर्मा और द लीडिंग सोल्यूशन्स प्रा.लि. कंपनी से दीक्षा मिश्रा (एचआर मैनेजर)ने (लाइव प्रोजेक्ट) के लिए एमबीए के हर्षित नरूला एवं छात्रा आरती चौधरी, मोतीलाल ओसवाल फाइनेन्शियल सर्विसेस लिमिटेड कम्पनी से उपेन्द्र सिंह (एचआर मैनेजर) ने एमबीए के दिव्यांश कुमार एवं अली अहमद, आरती चौधरी एवं श्वेता रावत को चयनित घोषित किया।
समविश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमदेव शतांशु, कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार, वित्ताधिकारी प्रो. देवेन्द्र कुमार गुप्ता, इन्चार्ज सीएओसी एवं ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. राजुल भारद्वाज एवं समस्त विश्वविद्यालय परिवार ने छात्रों के चयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए छात्रों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

### एमबीपीजी में सोमवार से मिलेंगी प्रथम सेमेस्टर की किताबें

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
एमबीपीजी कॉलेज में सोमवार से स्नातक प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को पुस्तकालय से किताबें वितरित की जाएंगी।
पुस्तकालय प्रशासन ने इसका रोस्टर जारी किया है। तय रोस्टर के अनुसार आज से प्रत्येक सोमवार और मंगलवार को बीए प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को किताबें वितरित की जाएंगी। प्रत्येक बुधवार और गुरुवार को बीकॉम प्रथम सेमेस्टर व प्रत्येक शुक्रवार और शनिवार को बीएससी प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राएं पुस्तकालय से किताब ले सकेंगे। सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष दान सिंह मेहरा ने बताया कि किताबों सुबह साढ़े 10 बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक वितरित की जाएंगी।

### शेर नाले में फंसा 108 वाहन, एम्बुलेंस में गर्भवती महिला सहित सवार थे पांच लोग

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
हल्द्वानी-सितारगंज राष्ट्रीय राजमार्ग चोरगलिया के पास शेर नाल उफान पर आ जाने से सितारगंज से हल्द्वानी आ रही 108 सेवा नाले में फंस गई, जहां पांच जिंदगियों पर खतरा मंडराने लगा। स्थानीय लोगों ने पुलिस की मदद से किसी तरह से गाड़ी में फंसे लोगों को रेस्क्यू कर बाहर निकला। इसके बाद पानी कम होने पर 108 वाहन को बाहर निकला गया।
लगातार 36 घंटे से हो रही बरसात के चलते हल्द्वानी सहित पूरे नैनीताल जिले में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। लगातार बारिश के चलते जहां बाजारों में सन्नाटा छाया रहा वहीं पहाड़ों पर हो रही बरसात के चलते नदी नाले उफान पर आ गये हैं. जिससे नैनीताल जनपद के तमाम मार्गों पर यातायात बाधित हुआ है।
बताया गया कि सितारगंज से एक गर्भवती महिला को हल्द्वानी अस्पताल लाया जा रहा था, जहां रास्ते में महिला ने 108 सेवा में बच्चों को जन्म दिया। जच्चा बच्चा के इलाज के लिए उनको हल्द्वानी ले जाया जा रहा था। इस दौरान जल्दबाजी में 108 सेवा के चालक ने वाहन नाले में उतार दिया। चालक की लापरवाही के चलते पांच लोगों की जिंदगी दांव पर लग गई। गनीमत रही कि लोगों ने तत्परता दिखाते हुए वाहन में सवार सभी लोगों को रेस्क्यू कर बाहर निकाल लिया. जिसके बाद सभी ने पुलिस और स्थानीय लोगों का आभार जताया।

# श्रीकृष्ण छठी महोत्सव की तैयारी जोरों पर

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
स्वामी आलोक गिरी महाराज ने कहा कि सनातन धर्म में दान की महिमा अपरंपार है। दान करने से ही मनुष्य के सभी कार्य एवं मनोरथ सिद्ध होते हैं। कलयुग में दान का विशेष महत्व है। दानी व्यक्ति को ही ईश्वरीय वरदान प्राप्त होता है।
स्वामी आलोक गिरी ने कहा कि शास्त्रों में भी दानी की महिमा का बखान किया गया है। सारा संसार दानी की महिमा का यशोगान करता है। ऐसे में सभी व्यक्तियों को अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान करते रहना चाहिए। धार्मिक आयोजनों में दान करने वाले मनुष्य को लोक-परलोक में ख्याति प्राप्त होती है।
गौरतलब है कि श्री बालाजी धाम सिद्धबली हनुमान नर्मदेश्वर महादेव मंदिर जगजीतपुर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के आयोजन के उपरांत भगवान श्रीकृष्ण का छठी महोत्सव भी धूमधाम से मनाने की तैयारी चल रही है। आगामी 12 सितंबर छठी विशाल भंडारे के साथ भगवान श्रीकृष्ण का छठी महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर के प्रबंधक एवं श्री तपोनिधि पंचायती अखाड़ा निरंजनी के संत स्वामी आलोक गिरी महाराज के सानिध्य में आयोजित छठी महोत्सव में समस्त नगरवासियों को आमंत्रित किया गया है।

# भारत रत्न पं. गोविंद बल्लभ पंत की जयंती पर हुई प्रतियोगिताएं

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
पं. गोविंद बल्लभ पंत की जयंती पर रविवार को राजकीय इंटर कालेज गोपेश्वर और महाविद्यालय कर्णप्रयाग में कार्यक्रम आयोजित हुए। इंटर कालेज गोपेश्वर तथा महाविद्यालय कर्णप्रयाग में निबंध और भाषण प्रतियोगिताएं हुईं। राजकीय इंटर कालेज गोपेश्वर में आयोजित भाषण प्रतियोगिता में साक्षी तिवारी प्रथम, हेमा द्वितीय तथा अशोक सिंह ने तीसरा स्थान प्राप्त किया जबकि निबंध प्रतियोगिता में बबली प्रथम, प्रिया कंडारी द्वितीय तथा गौरव सिंह तृतीय रहे। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य कर्मवीर सिंह, शिक्षक अनूप खण्डूड़ी, विनोद



पुरोहित, भुवनेश्वरी चैहान, दीवान सिंह कंडेरी, सुशील खण्डूड़ी, जयेंद्र पंवार आदि मौजूद थे। दूसरी ओर महाविद्यालय कर्णप्रयाग में भारत रत्न पं.गोबिन्द बल्लभ पंत की 136वीं जयंती पर भाषण और निबंध प्रतियोगिता की गई। प्राचार्य प्रो.केएल तलवाड़ सहित समस्त महाविद्यालय परिवार ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान डा.कविता पाठक के संयोजकत्व में भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन में पं.गोविंद बल्लभ पंत का योगदान विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में अखिलेश प्रथम, प्रज्ञा और सलोनी ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त कियका। निबंध प्रतियोगिता में निकिता प्रथम, प्रज्ञा द्वितीय और पायल तृतीय रहीं। इस मौके पर डा.शीतल देशवाल, डा.स्वाति सुन्दरियाल, डा.हिना नौटियाल, डा.पूनम, डा.अखिलेश कुकरेती, डा.तौफिक अहमद, डा.विजय कुमार, डा. डीएस राणा, डा.वीआर अन्थवाल आदि मौजूद थे।

# मकान से चोरी करने वाले दो गिरफ्त में

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र स्थित मकान से चोरी करने के दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए चोरी का सारा सामान बरामद किया है। पुलिस ने आरोपितों का चालान कर दिया है।
ज्वालापुर के अहबावनगर निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर घर में घुसकर अज्ञात चोरों द्वारा 7 सितम्बर को सोने-चांदी के गहने और 02 मोबाइल फोन चोरी कर लिए जाने के संबंध में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने इस मामले में आज बाल मंदिर स्कूल ज्वालापुर के निकट स्थित तिराहे से चोरी के समान के साथ



दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपितों ने अपने नाम संजय पुत्र स्व. ध्यान सिंह निवासी मंडावर, उत्तर प्रदेश हाल निवासी मोहल्ला कडच्छ ज्वालापुर व कुलदीप पुत्र धीर सिंह निवासी ग्राम हिरण खेड़ा थाना लक्सर हाल निवासी धीरवाली ज्वालापुर बताया। पुलिस ने आरोपितों के पास से चोरी किया हुआ सारा सामान बरामद कर लिया है।

## दो कांस्टेबलों को पुलिस अधीक्षक ने किया निलंबित

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
थाना रायवाला में तैनात दो कांस्टेबलों को देहरादून के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने अनुशासनहीनता करने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबित किए गए कांस्टेबल आशीष कुमार को देशी तमंचे से आकस्मिक फायर किए पर तत्काल उसके विरुद्ध थाना रायवाला पर धारा 25 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कराते हुए तत्काल निलंबित कर दिया गया। इसके अतिरिक्त थाना रायवाला में ही नियुक्त कांस्टेबल सुनील कुमार को ड्यूटी के दौरान अनुशासनहीनता करने पर निलंबित किया गया है।

# उत्तराखंड के चम्पावत में मलबा आने से टनकपुर-पिथौरागढ़ एनएच दो जगहों पर हुआ बाधित



**चम्पावत/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के चंपावत में बीती रात से लगातार हो रही बारिश से टनकपुर-पिथौरागढ़ एनएच पर दो जगहों पर भारी मात्रा में मलबा आने से यातायात बाधित हो गया। इससे दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइनें लग गयी थीं। अब यातायात को किसी तरह सुचारु किया गया है। स्वाला और अमोड़ी के बीच डेंजर जोन में सुबह साढ़े पांच बजे भारी मात्रा में मलबा आने से एनएच बाधित है। एनएच की ओर से लगाई गई मशीनें लगातार मलबा हटाने का कार्य कर रही हैं। दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई थी। करीब साढ़े दस बजे किसी तरह यातायात सुचारु किया जा सका और जाम में फंसे वाहनों को आगे बढ़ाया जा रहा है।
बारिश लगातार जारी है। इस वजह से मलबा और पत्थर लगातार गिर रहे हैं, जिससे खतरा बना हुआ है। घाट पिथौरागढ़ रोड पर मीना बाजार के समीप मलबा आने से एनएच बंद है। टनकपुर क्षेत्र में पूर्णागिरि की हनुमान चट्टी के पास सुबह भारी मलबा आ गया है। दर्शन को आने वाले कई श्रद्धालुओं को भारी दिक्कतों का सामना करना। आपदा कंट्रोल रूम के अनुसार चम्पावत में सर्वाधिक 87 एमएम बारिश दर्ज की गई है।

# 3600 नशा के इंजेक्शनों के साथ तीन तस्कर दबोचे

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन नशा तस्करों को भारी संख्या में नशे के इंजेक्शनों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के पास से 3600 नशे के इंजेक्शन व तस्करी में प्रयुक्त स्कूटी को भी जब्त किया है।
प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने चेकिंग के दौरान कलियर क्षेत्र में अस्पताल के पास इमली रोड पर एक स्कूटी रंग सफेद एक्टिवा को रोकने का प्रयास किया। पुलिस के रुकने का



इशारा देखते ही तस्कर भागने लगे। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए पीछा कर सभी को पकड़ लिया। स्कूटी में रखी पेटी को चेक करने पर उसमें 36 पैकेट, जिसमें प्रत्येक पैकेट के अंदर 100 एमजी 2 एमएल के 100 इंजेक्शन ट्रामाडोल हाइड्रोक्लोराइड कुल 3600 प्रतिबंधित इंजेक्शन बरामद हुए। पुलिस ने तीनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की।
पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि इंजेक्शन की पेटी को वह कलियर निवासी व्यक्ति से खरीद कर लाए हैं। इंजेक्शनों को मंगलौर, रुड़की व सहारनपुर आदि क्षेत्र में नशा करने वाले लड़कों को बेचते थे। पुलिस ने तीनों के खिलाफ थाना कलियर में मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस आरोपितों के आपराधिक इतिहास की जानकारी ले रही है।
पकड़े गए आरोपितों के नाम अमीर आलम पुत्र अब्दुल सत्तार निवासी खुरद जनता रोड थाना जनकपुरी जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश, फेहरिस अहमद पुत्र नवाब अहमद निवासी सोहलपुर थाना कलियर व नोमान पुत्र रुस्तम निवासी जैनपुर थाना मंगलौर, हरिद्वार बताए।

# विपक्ष ने विस सत्र में जनता की आवाज बनकर सरकार को घेरा: नेता प्रतिपक्ष

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि मानसून सत्र की अवधि छोटा था फिर भी विपक्ष जनता की आवाज को पुरजोर तरीके से उठाया। सरकार विपक्ष के प्रश्नों का उचित और संतोषजनक जवाब नहीं दे पाई।
रविवार को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने पत्रकारों से बातचीत में सदन को कुशलता और निष्पक्षता से संचालित करने और कठोर निर्णय के लिए विधानसभा अध्यक्ष को धन्यवाद करते हुए कहा कि सरकार मानसून सत्र को भी पिछले सत्रों की तरह बहुत ही कम चलाया। इसके बावजूद भी कांग्रेस विधानसभा के पटल पर राज्य की



जनता की आवाज को पूरी तरह से बुलंद किया। मानसून सत्र के काल को बढ़ाने की हर मांग सरकार के सामने रखी परंतु सरकार ने सत्र नहीं बढ़ाया।
उन्होंने कहा कि कार्य संचालन नियमावली के अनुसार साल के तीन सत्रों में कम से कम 60 दिन विधानसभा के सत्र चलाए जाने चाहिए थे। इस साल अभी हाल के मानसून सत्र सहित विधानसभा केवल 7 दिन चली है। गत साल भी विधानसभा केवल 8 दिनों के लिए ही चली थी।
सरकार का बिजनेस न होने का बहाना हास्यास्पद तर्क है। राज्य में अभी सैकड़ों कानून उत्तर प्रदेश के चल रहे हैं। हर दिन हम देखते हैं कि, राज्य को सुचारु रूप से चलाने के लिए नए कानूनों की आवश्यकता है। फिर भी सरकार विधेयक नहीं लाती है। यही विधायी कार्य तो हाउस का बिजनेस होता है।
उन्होंने कहा कि सरकार विधानसभा में महत्वपूर्ण विषयों पर विधेयक नहीं ला रही है। इस बार सदन में कांग्रेस की विधायक अनुपमा रावत व विधायक मनोज तिवारी बहुत ही महत्वपूर्ण विषयों पर दो असरकारी विधेयक लाए। विधायक अनुपमा रावत राज्य आंदोलनकारियों और उनके आश्रितों को राज्य की सेवाओं में 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का असरकारी बिल लगातार तीसरी बार लाई। यह कार्य सरकार को पहले ही करना चाहिए था।
उन्होंने बताया कि कांग्रेस के विधायकों ने प्रश्न काल का पूरा सदुपयोग किया। कांग्रेस विधायकों ने डेंगू, आपदा पीड़ितों के मुआवजे और पुर्नवास, स्मार्ट सिटी देहरादून पर खर्च हुई धनराशि , आवारा पशुओं के लिए गौसदन बनाने, बेमौसमी बारिश के कारण किसानों के नुकसान, गुड़ उत्पादकों को कुटीर उद्योगों में सम्मिलित करने, रवि और खरीफ की फसलों , गरीबी रेखा से नीचे के लोगों को प्रधानमंत्री आवास दिलाने, गन्ना मूल्य का भुगतान संबंधित प्रश्नों में सरकार को बुरी तरह से घेरा। सरकार के पास विपक्ष के विधायकों के प्रश्नों के जवाब नहीं थे। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मात्र दो दिन चले सदन में विपक्ष ने नियम 310 और 58 के अर्न्तगत राज्य में अतिक्रमण के नाम पर सरकारी विभागों द्वारा तबाही करने, आपदा , बेराजगारी , भू- कानून , कानून व्यवस्था , बिजली कटौती , जंगली जानवरों का आतंक, कलस्टर बना कर विद्यालयों को बंद करने के विषय में सरकार को घेरा।

# रैथल गांव में सेलुकू मेले में उमड़ा जनसैलाब

**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
टकनोर क्षेत्र में पारंपरिक सेलुकू में ले की शुरूआत रैथल गांव समेश्वर देवता के सानिध्य में आगाज हो गया है।
रविवार को शुरू हुए सेलुकू समेश्वर देवता मंदिर प्रांगण में बुग्याल से आये देवीय पुष्पों में देवता की डोली के साथ नृत्य शुरू हुआ। पुष्प मेले में आये ग्रामीणों ने पुष्पों को प्रसाद रूप में घर ले गये उसके बाद अतिथियों को देवीय पुष्पों को भेंट कर स्वागत सम्मान और उसके बाद ढोल दमाऊ के थाप पर लोकल रासो नृत्य वह देश डोली नृत्य हुआ। सेलुकू मेले में पहुंचे मुख्य अतिथि गंगोत्री क्षेत्र के विधायक सुरेश चौहान ने सेलुकू मेले की



सभी क्षेत्रवासियों को बताइए एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा है की यह यह त्योहार हमारी लोक समृद्ध सांस्कृतिक का प्रतीक है । विधायक सुरेश चौहान, विक्रम सिंह रावत अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक उत्तरकाशी, मुरारीलाल भट्ट पूर्व अध्यक्ष भाजपा जितेंद्र राणा मण्डल अध्यक्ष भाजपा,देशराज बिष्ट, हंसराज चौहान, प्रीतम सिंह राव, चन्दन राणा भागीरथी मण्डल अध्यक्ष भाजपा,संजय पंवार एवं मेले का आयोजन पंच मालगुजार रैथल किशन सिंह राणा,पंच मालगुजार क्यार्क शिवेन्द्र सिंह राणा, क्षेत्र पंचायत सदस्य रैथल अंकिता राणा, सचिव सुरेश रतूड़ी,देव पुजारी गोपाल राम रतूड़ी, धर्म सिंह राणा आदि मौजूद रहें।

# क्षतिग्रस्त सड़कों के लिए महापौर ने मुख्यमंत्री से की सौ करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित करने की मांग

**मांगपत्र**

**▶▶ मुख्यमंत्री ने महापौर अनिता ममगांई को आश्वस्त किया कि प्रदेश सरकार लोगों के साथ खड़ी रही है**

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
नगर निगम महापौर अनिता ममगांई ने प्राकृतिक आपदा के कारण क्षतिग्रस्त हुई ऋषिकेश की विभिन्न सड़कों ,सम्पर्क मार्गो एवं नालियों के निर्माण के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से निगम प्रशासन को सौ करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित करने की मांग की। इस संदर्भ में महापौर ने आज राजधानी में मुलाकात कर एक मांगपत्र भी मुख्यमंत्री को सौंपा है।



नगर निगम महापौर ने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर विगत दिनों प्राकृतिक आपदा के रूप में हुई बारिश के बाबत उनको विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने अवगत कराया कि दैवीय आपदा में विभिन्न क्षेत्रों में लोगों के घरों में घुसे बरसाती पानी से जहां आम जनमानस को काफी नुकसान झेलना पड़ा वहीं निगम के विभिन्न क्षेत्रों की सड़कें, सम्पर्क मार्ग एवं नालियां भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी हैं। अनेक सड़कों पर तो चलना भी अब चुनौतीपूर्ण हो गया है।कई मार्गों पर कीचड़ एवं बरसाती पानी भरा होने की वजह से विभिन्न बीमारियों का खतरा भी लगातार मंडरा रहा है।

उक्त तमाम निर्माण कार्य के लिए तकरीबन सौ करोड़ रुपये की अनुमानित लागत है जिसे निगम से पूर्ण किया जाना संभव नही है। इसलिए संभावित राशि प्रदेश सरकार ऋषिकेश नगर निगम को प्रदान की जाये ताकि जल्द से जल्द निर्माण कार्यों को प्राराम्भ कराया जा सके।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने महापौर अनिता ममगांई को आश्वस्त किया कि आपदा में प्रदेश सरकार लोगों के साथ खड़ी रही है। प्रदेश के तमाम आपदा प्रभावित क्षेत्रों में विशेष प्राथमिकता के साथ राहत एवं बचाव, पुनर्वास व पुनर्निर्माण कार्य जारी है।योग नगरी ऋषिकेश की सड़कों के पुनःनिर्माण के लिए भी हर संभव मदद की जायेगी।

# जी-20 में गूंजा कुमाऊंनी झोड़ा...

**लोक संस्कृति**

**▶▶ प्रदेश की तीनों बोलियों कुमाऊंनी, गढ़वाली और जौनसारी में लोक गीत गए।**



**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
सोशल मीडिया पर उप्रेती बहनों के नाम से प्रख्यात ज्योति उप्रेती सती और नीरजा उप्रेती ने दिल्ली में जी-20 के शिखर सम्मेलन के दौरान आकाशवाणी सभागार में कई राष्ट्राध्यक्षों के सामने प्रदेश की तीनों बोलियों कुमाऊंनी, गढ़वाली और जौनसारी में लोक गीत गए। दिल्ली में शनिवार को जहां भारत विश्व को अपने परम वैभव के दर्शन करा रहा था, वहीं कुमाऊं के पिथौरागढ़ जिले के छोटे से गांव हुड़ेती की रहने वाली दो सगी बहनों ने प्रसिद्ध झोड़े खोल दे माता खोल भवानी धरम किवाड़ा के माध्यम से उत्तराखंड की लोक संस्कृति का विश्व पटल तक पहुंचाया। दोनों बहनों को उत्तराखंड की स्वरागिनी भी कहते हैं।

सोशल मीडिया पर उप्रेती बहनों के नाम से प्रख्यात ज्योति उप्रेती सती और नीरजा उप्रेती ने दिल्ली में जी-20 के शिखर सम्मेलन के दौरान आकाशवाणी सभागार में कई राष्ट्राध्यक्षों के सामने प्रदेश की तीनों बोलियों कुमाऊंनी, गढ़वाली और जौनसारी में लोक गीत गए।

## बिजली के करंट की चपेट में आकर दो युवक घायल

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेल प्रोजेक्ट में कार्यरत दो लोगों को बिजली का करंट लगने पर घायल अवस्था में राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

ढालवाला स्थित ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेल लाइन प्रोजेक्ट पर कार्य कर रहे दो लोग उस समय बिजली के करंट लगने से घायल हो गए, जब वह प्रोजेक्ट में वेल्डिंग का कार्य कर रहे थे। बताया गया कि बारिश के कारण युवक अचानक बिजली के करंट की चपेट में आ गए। उन्हें राजकीय चिकित्सालय लाया गया है।

# आर्यसमाज की गतिविधियों को दिया जायेगा नया आयाम : डा. सत्यपाल

**आर्य समाज यज्ञ**

**▶▶ उन्होंने आर्य समाज की नवीन यज्ञशाला, आर्य समाज भवन के जीर्णोद्धार की नींव रखी।**

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय के आवासीय परिसर बड़े परिवार में कुलाधिपति डॉक्टर सतपाल सिंह पत्नी अलका सिंह के साथ आर्य समाज यज्ञ में यजमान के रूप में सम्मिलित हुए। इस दौरान उन्होंने आर्य समाज की नवीन यज्ञशाला, आर्य समाज भवन के जीर्णोद्धार की नींव रखी।

कुलाधिपति डॉ. सिंह ने कहा कि ऋषि दयानन्द के 200 साल पूरे होने के साथ समविश्वविद्यालय में आर्यसमाज की गतिविधियों को नया आयाम दिया जायेगा। आर्यसमाज के प्रचार-प्रसार करने वाले युवाओं के ठहरने लिए नवीन भवन का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वामी श्रद्धानंद महाराज की तपस्थली से वेदों का उदघोष जरूर होना चाहिए। आज यहां पर यज्ञ का आयोजन हुआ इस बात का संदेश भी लोगों तक पहुंचना चाहिए।



यज्ञ की ब्रह्मा डा. अनीता सेंगर ने कहा कि वेद हमारे विज्ञान हैं। वेदों में विज्ञान के सम्पूर्ण आविष्कार को खोजा जा सकता है। उन्होंने कहा कि यज्ञ प्रकृति साक्षात प्रहरी है। यज्ञ घर-घर होना अत्यन्त आवश्यक है। यज्ञ हमारी आंतरिक शुद्धि करता है। आर्य समाज की पाठशाला में यज्ञ की पहली शिक्षा व दीक्षा दी है। उन्होंने कहा कि यज्ञ हमारे अंदर संस्कार व संस्कृति को भी गढ़ती है। यज्ञ हमारी वायुमण्डल की ओजोन परत को मजबूत बनाती है।

आर्य समाज के अध्यक्ष प्रो. प्रभात कुमार सेंगर ने कहा कि कुलाधिपति डा. सत्यपाल सिंह ने आर्य समाज मन्दिर का भवन व पूर्ण इमारत का संरक्षण करने का आदेश दिया, जिसको दिसम्बर 2023 तक पूरा करने का निर्देश दिया है। इस कार्य को आर्यसमाज की टीम जल्दी ही पूरा कर देगी। इस अवसर पर प्रो सोमदेव शतान्शु कुलपति, प्रो सुनील कुमार कुलसचिव, प्रो अंबुज शर्मा, आर्य समाज के महामन्त्री प्रो. देवेंद्र सिंह मलिक, रमेश चंद्र, अमित धीमान, डॉ अजय मलिक और दीपक आनंद ने सहभागिता की।

## संक्षिप्त खबरें

### युवती का शव मिला, नहीं हुई शिनाख्त

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
थाना रानी पोखरी क्षेत्र अंतर्गत थानों मोटर मार्ग पर सड़क किनारे एक अज्ञात युवती का शव मिलने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मचा है।
रविवार की सुबह पुलिस को सूचना मिली कि थाना मोटर मार्ग पर सड़क के किनारे एक युवती का शव पड़ा है। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने देखा कि युवती की उम्र 25 वर्षीय के आसपास है। उसके सिर और चेहरे पर चोट के निशान हैं। इस संबंध में आसपास सूचना देकर शिनाख्त के लिए प्रयास किया गया, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। पुलिस मान कर चल रही है कि युवती बाहर की है। उसके शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच कीजा रही है।

### होम स्टे में युवक की हत्या से सनसनी, शव को बेड के नीचे छिपाकर फरार हुए आरोपी

**मसूरी/टीम एक्शन इंडिया**
मसूरी में भट्टा गांव के पास स्थित एक होम स्टे में एक युवक की हत्या की घटना से सनसनी फैल गई। आरोपियों ने युवक की हत्या कर शव बेड के नीचे छिपाया और फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।
सीओ अनिल कुमार जोशी ने बताया कि मृतक युवक के गले में चोट के निशान हैं। कमरे में कई जगह खून के धब्बे भी पड़े हैं। पुलिस घटना की जांच में जुटी है।
होटल संचालक ने बताया कि नौ सितंबर को सुबह सात बजे तीन लोग आए थे। उसमें से एक युवती भी थी। सुबह काफी देर तक कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो पुलिस को जानकारी दी गई।

### बदरीनाथ-केदारनाथ में हुई सीजन की पहली बर्फबारी, झूमे श्रद्धालु, तस्वीरों में देखें ये खूबसूरत नजारा

**चमोली/कर्णप्रयाग/ रुद्रप्रयाग/टीम एक्शन इंडिया**
बदरीनाथ-केदारनाथ में सीजन की पहली बर्फबारी हुई। उच्च हिमालयी क्षेत्रों ने बर्फ की सफेद चादर ओढ़ी तो यह नजारा देख श्रद्धालु झूम उठे। धाम में कड़ाके ठंड पड़ने लगी तो वहीं निचले क्षेत्रों में भी ठंड बढ़ने लगी। दूसरी तरफ लगातार बारिश से बदरीनाथ हाईवे पर मुश्किल बढ़ गई है।
शनिवार देर रात हो रही बारिश के चलते बदरीनाथ धाम और केदारनाथ धाम की की ऊंची चोटियों पर रविवार सुबह से बर्फबारी हुई। धाम में मौजूद श्रद्धालुओं को यह खूबसूरत नजारा देखने का अवसर पर भी मिल गया।

### टाटा क्रूसिबल कैम्पस क्विज 2023 - उत्तराखंड क्लस्टर फाइनल्स को ग्राफिक एरा देहरादून की संपदा हुरिया ने जीता

**देहरादून। भारत की** सबसे प्रतिष्ठित बिजनेस क्विज, टाटा क्रूसिबल कैम्पस क्विज 2023 के क्लस्टर 16 फाइनल्स में ग्राफिक एरा (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) (जीईयू), देहरादून की संपदा हुरिया विजयी हुई है। उत्तराखंड क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले, क्लस्टर 16 फाइनल्स में सभी प्रतियोगियों के बीच मुकाबला काफी कड़ा रहा। विजेता को 35,000 रुपयों के नकद इनाम से सम्मानित किया गया। साथ ही अब वह जोनल फाइनल्स में हिस्सा लेने के लिए भी पात्र हो गई है। देहरादून इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी (डीआईटी), देहरादून के निमिष गर्ग ने उपविजेता का स्थान हासिल करते हुए 18,000 रुपयों का नकद इनाम जीता।
इस साल की कैम्पस क्विज के लिए देश में 24 क्लस्टर बनाए गए और ऑनलाइन प्रीलिम्स के दो लेवल्स के बाद हर क्लस्टर से अव्वल 12 फाइनलिस्टस् को वाइल्ड कार्ड फाइनल्स के लिए और उनमें से अव्वल 6 फाइनलिस्टस् को 24 ऑनलाइन क्लस्टर फाइनल्स के लिए चुना गया। इन 24 क्लस्टर्स को चार जोन्स में ग्रुप किया गया है - दक्षिण, पूर्व, पश्चिम और उत्तर। हर जोन में 6 क्लस्टर्स हैं। जोनल फाइनल्स भी ऑनलाइन लिए जा रहे हैं। नेशनल फाइनल्स ऑनलाइन नहीं होंगे, यह एक ग्राउंड इवेंट होगी।

# विधायक ने हीना वाशिंदों को दी बड़ी सौगात, सड़क का किया शिलान्यास



**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
गंगोत्री क्षेत्र के विधायक सुरेश चौहान ने विकासखंड भटवाड़ी के अंतर्गत हीना गांव की सड़क का शिलान्यास और भटवाड़ी रैथल के पोखरी नाम तोक मार्ग का लोकार्पण किया।
रविवार को क्षेत्र विधायक ने भटवाड़ी ब्लॉक के हीना गांव को बड़ी सौगात दी। हीना गांव के सड़क का मामला वन भूमि और ईको सेंसटिव जोन के कारण विगत कुछ वर्षो से हाई कोर्ट अधर में लटका हुआ थ। हाई कोर्ट से सड़क निर्माण का मामला निस्तारण होने के बाद गंगोत्री विधायक सुरेश सिंह चौहान ने रविवार को विधिवत सड़क निर्माण भूमि पूजन उद्घाटन कर किया है।
इस अवसर पर विधायक चौहान ने बताया कि सड़क के लिए विधानसभा में भी प्रश्न उठाया गयाथा। इस पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संज्ञान लिया और अधिवक्ताओं से वार्ता की। अब हाई कोर्ट से इस मामले का निस्तारण होने पर आज मुझे अत्यन्त खुशी है कि हीना गांव में डेढ़ करोड़ की लागत से 3 किलोमीटर सड़क निर्माण का कार्य शुरू हो गया है जो जल्द ही पूरा हो जाएगा। ग्रामीणों को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने हीना गांव के जनप्रतिनिधियों एवं विशेष कर विजयपाल मखलोगा को धन्यवाद ज्ञापित किया है।
इसके अलावा विधायक ने राज्य योजना के अन्तर्गत गंगोत्री विधानसभा के अन्तर्गत दयारा बुग्याल के आधार शिविर गांव रैथल में भटवाड़ी रैथल मोटर मार्ग के पोखरी नाम तोक से चलियाणा तोक तक आन्तरिक 400 मीटर मार्ग का पक्कीकरण कार्य 56.85 लाख की धनराशि से लोकार्पण" किया। इस अवसर पर विक्रम सिंह रावत अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक उत्तरकाशी,पूर्व ब्लॉक प्रमुख चंदन सिंह पंवार,जिला पंचायत सदस्य मनोज मिनान, मुरारीलाल भट्ट पूर्व अध्यक्ष भाजपा जितेंद्र राणा मण्डल अध्यक्ष भाजपा,देशराज बिष्ट, अमित सेमवाल, पूर्व प्रधान गजेंद्र मखलोगा ,मुरारी लाल भट्ट, चन्दन सिंह राणा अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

## बाइक चोर गिरफ्तार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
कोतवाली ज्वालापुर पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ आरोपित को घटना के 24 घंटे के भीतर की गिरफ्तार कर लिया है।
महाराजपुर कला लक्सर निवासी रवि शंकर पुत्र खड़क सिंह ने बीते रोज ज्वालापुर स्थित दुर्गा चौक से बाइक चोरी होने के संबंध में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए घटना के 24 घंटे के भीतर ही आरोपित कुलदीप पुत्र कमल सिंह निवासी निकट रविदास मंदिर मोहल्ला खालसा मंगलौर को ट्रांसपोर्ट नगर गेट नं. 1 के अन्दर चौराहे से चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है।

# पुलिस ने चलाया किरायेदार सत्यापन अभियान



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
एसएसपी के निर्देश पर थाना भगवानपुर क्षेत्र में बाहरी प्रदेशों से आये कर्मचारी, मजदूर, फड़, किरायेदार ठेली वाले व्यक्तियों के विरुद्ध सत्यापान अभियान चलाया गया। उल्लंघनकताओं के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की गई।सत्यापन अभियान क्षेत्र के ग्राम चौल्ली शाहबुद्दीनपुर, प्रताप कालोनी (शाहपुर) में चालया गया।
इस दौरान बिना सत्यापन किराएदारों को रखे जाने पर पुलिस ने 39 मकान मालिकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनके चालान काटे और तीन लाख नब्बे हजार रुपये के चालान किए।
सत्यापन के दौरान पुलिस ने 30 संदिग्धों को भी हिरासत में लिया गया।

# भारत रत्न पं. गोविन्द बल्लभ पंत की 135वीं जयंती मनाई

**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
जिला प्रशासन और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने पूर्व सीएम भारत रत्न पं. गोविन्द बल्लभ पंत की 135वीं जयंती मनाई गई। इस मौके पर जिला मुख्यालय, गंगा घाटों में विशेष सफाई अभियान चलाकर डेढ़ सौ बोरे से भी अधिक कूड़ा एकत्रित किया गया। रविवार को जिला प्रशासन और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में नगरपालिका परिषद बाड़ाहाट और जिला गंगा समिति के इस कार्यक्रम के दौरान उत्तरकाशी नगर के प्रमुख बाजारों, रामलीला मैदान, बस अड्डा, कालीकमली धर्मशाला व गंगा मंदिर से सटे इलाकों सहित मणिकर्णिका घाट पर विभिन्न विभागों के कार्मिकों, सामाजिक व पर्यावरण कार्यकताओं, जन-प्रतिनिधियों, प्रबुद्ध जनों सहित आम लोगों ने सफाई अभियान में हिस्सा लिया। इसके तहत डेढ़ सौ बौरा से भी अधिक ठोस कूड़ा और प्लास्टिक कचरा एकत्र कर सुरक्षित निस्तारण हेतु नगरपालिका को सौंपा।




अभियान का नेतृत्व करते हुए जिलाधिकारी अभिषेक रुहेला ने समाज के सभी वर्गों के जिम्मेदार लोगों सहित सभी नगरवासियों से नगर को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की। जिलाधिकारी ने सब्जी मंडी में व्यापारियों को स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने और सब्जियों की मूल्य सूची प्रदर्शित करने की भी हिदायत दी।
स्वच्छता अभियान में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्वेता राणा चौहान,नगरपालिका अध्यक्ष रमेश सेमवाल,जिला सैनिक कल्याण अधिकारी रि.नेवी रंजीत सेठ, प्रदेश संयोजक गंगा विचार मंच लोकेन्द्र बिष्ट, महाप्रबंधक उद्योग शैली डबराल,आरटीओ जितेंद्र कुमार, जिला युवा कल्याण अधिकारी विजय प्रताप भंडारी, समाज कल्याण अधिकारी सुधीर जोशी, पर्यावरण विशेषज्ञ प्रताप मटूड़ा अन्य अधिकारीगण एवं नेहरू युवा संगठन के लोग मौजूद रहे।

# भागीरथी घाटी के पारंपरिक समृद्ध सांस्कृतिक का प्रतीक है "सेलुकू"

**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
भागीरथी घाटी के टकनौर क्षेत्र में इन दिनों "सेलुकू" मेले की धूम है। सेलुकू मेले का आयोजन शरद ऋतु के आगमन से पूर्व नई फसलों के आने और उच्च हिमालय के बुग्यालों से नीचे घाटियों की और लौटने वाले चरवाहों, भेड़ पालकों के आगमन की खुशी में होता है।
फूलों को महक से सुरभित गांवों में रातभर लोकनृत्यों व लोक गीतों की धूम के साथ देवी-देवताओं की डोलियों का दिव्य नृत्य और फरसों की पैनी धार पर चलने का कौतुक भरा प्रदर्शन सीमान्त ब्लाक भटवाड़ी के अनेकों गांव में आयोजित होने वाले "सेलुकूह्ल लोकोत्सव की समृद्ध सांस्कृतिक परम्परा की एक बानगी भर है। धार्मिक मान्यताओं व सांस्कृतिक परम्पराओं के क्षरण के दौर में सेलुक भी अछूता नहीं रहता है, लेकिन अपनी सामाजिक व सांस्कृतिक जड़ों की तरफ प्रबल आग्रह रखने वाले गांव की कुछ लोगों की बदौलत से ही सेलुकू का धार्मिक व सांस्कृतिक स्वरूप अपना वजूद कायम रखे हुए हैं।



**क्या होता है सेलुकू ?**
"सेलकू" का शाब्दिक अर्थ है सोयेगा कौन के नाम से ही स्पष्ट है कि इस त्योहार में रातभर ग्रामीण देव डोलियों के साथ जागरण करते हैं। पारम्परिक मान्यताओं को अपने में समाहित किए हुए इस मेले के आयोजन के लिए गांव के देव डोलियों द्वारा अभिमन्त्रित फरसे (डांगरे) के साथ चुने हुए ग्रामीणों का एक जत्था ऊंचे बुग्यालों में जाकर फूलों को चुनकर लाते हैं ।
मदहोश कर देने वाली एवं देव पुष्प ब्रह्मकमल खुशबू से लवरेज कैंसरू, रामजयाण, जैसे फूलों व केदारपाती की खेप निर्धारित दिन गांव में पहुंचते ही आस-पास के गांव के लोग अपने गांव की देव डोलियों के साथ पहुंचते हैं। इसके साथ ही देव मन्दिरों व देव चौक पर अखण्ड दीपक जलाने के साथ सेलुकू की परम्परानुसार रातभर जागरण, देव डोलियों के दिव्य नृत्य, ढोल वादकों के पैसारों और नर। पुरुष -महिलाएं सामूहिक नृत्य एवं गीतों का सिलसिला जारी रहता है। अगले दिन बुग्यालों से लाए फूलों को देव चौक पर बिछाते हैं, देव डोलियों के ग्रहण करने के बाद इसे बाद में प्रसाद के रूप में आपस में बांटते हैं।
प्रसाद वितरण के बाद दिव्य आसन लगता है। जिसमें कतारबद्ध लोगों के हाथ में रखे फरसे (डांगरे) की तेज धार पर देवता की सवारी "मनुष्य" सैकड़ों मीटर तक नंगे पांव चलता है। यह अदभुत और विस्मयकारी प्रदर्शन "सेलुकू" का प्रमुख आकर्षण है। ऐसी मान्यता है कि इस दौरान देवता बिना पूछे लोगों के दिलों में उमड़ रही चिन्ताओं पर सवालों का जवाब और समाधान भी बताते हैं।इस के साथ ग्रामीणों को आशीर्वाद देता है ।

# उफनाते नाले में फंसी कई जिंदगी

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
भारी बारिश के कारण जगह-जगह जलभराव की स्थिति बनी हुई है। नदी नाले उफान पर हैं। हल्द्वानी चोरगलियां में एक एंबुलेंस उफनाते नाले में फंस गई। जिससे नवजात और मां सहित परिजनों की जान पर बन आई।
हल्द्वानी चोरगलियां मुख्य मार्ग के पास शेर नाला भारी उफान पर आ गया।
शेर नाले को पार करने की कोशिश में एक 108 एंबुलेंस नाले में जाकर बीच में बंद हो गई। चोरगलिया पुलिस द्वारा और स्थानीय लोगों ने नाले के बीच रेस्क्यू कर एंबुलेंस में मौजूद मरीज को निकाला गया।
शनिवार देर रात से जारी बारिश के चलते नदी नाले उफान पर हैं। भारी बारिश के चलते उफनाए नाले में एक एंबुलेंस के फंसने से नवजात, मां और परिजनों की जान पर बन आई। एंबुलेंस में परिजनों के अलावा चालक और एक मेडिकल स्टाफ था। पुलिस द्वारा रेस्क्यू कर सभी लोगों को बचा लिया गया और स्थानीय रहीगर की मदद से रसों की सहायता से 108 को नाले से बाहर किया गया।



## प्रदेश स्तरीय महिला वॉलीबाल 26 सितम्बर से

**लखनऊ।** प्रदेश स्तरीय महिला वॉलीबाल प्रतियोगिता 26 से 28 सितम्बर के बीच होनी है। क्रीड़ा संकुल राजीव गांधी दक्षिणी परिसर, बरकछड्ड मीरजापुर में होने वाली इस प्रतियोगिता के लिए जिला और मंडल स्तर पर भी टीमों के गठन का सिलसिला शुरू हो गया है। लखनऊ में इसके लिए जिला स्तरीय टीम का चयन 16 सितम्बर को होगा। इस संबंध में क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी अजय ने बताया कि 16 को अपराह्न तीन बजे से के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम में जिला स्तरीय टीम चयन के लिए प्रतियोगिता होगी। वहीं 17 सितम्बर को पूर्वाह्न 10 बजे से के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम में ही प्रतियोगिता के माध्यम से मंडल स्तरीय टीम का चयन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसमें प्रतिभाग करने वाली खिलाड़ियों की उम्र 25 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। पात्रता प्रमाण पत्र एवं जन्मतिथि प्रमाण पत्र साथ में लेकर आना होगा। इसके साथ ही आधार कार्ड की छायाप्रति भी साथ में लाना अनिवार्य है।



## वीर अहलावत 79 के निराशाजनक कार्ड से 81वें स्थान पर खिसके

**इंचियोन (कोरिया)।** भारतीय गोल्फर वीर अहलावत यहां शिनहान डोंग्हे ओपन के तीसरे दौर में 79 के निराशाजनक स्कोर के बाद 81वें स्थान पर खिसक गए। इस टूर्नामेंट में कट में प्रवेश पाने वाले एकमात्र भारतीय अहलावत दूसरे दौर के बाद संयुक्त रूप से 23वें स्थान पर थे लेकिन तीसरे दौर में उन्होंने पांच बोगी और एक डबल बोगी लगाने का खामियाजा भुगतना पड़ा। वह इस दौरान एक भी बर्डी नहीं लगा सके और कुल एक ओवर के स्कोर के साथ कट हासिल करने वाले खिलाड़ियों में आखिरी पायदान पर है। गत चैम्पियन रिचर्ड टी ली और दक्षिण कोरिया के गुनताएक कोह 15 अंडर के कुल स्कोर के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर है।



## केएल राहुल ने कहा, चोट से रिकवरी के दौरान ये थी सबसे बड़ी चुनौती

**कोलंबो ।** जांघ की चोट के कारण लगभग चार महीने बाहर रहने के दौरान रिहैबिलिटेशन से गुजरते समय भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज लोकेश राहुल के लिए सबसे बड़ी चुनौती मानसिक अड़चनों से निपटना थी। राहुल को इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान चोट लगी थी जिसके लिए बाद में उन्हें लंदन में सर्जरी भी करानी पड़ी। यह 31 वर्षीय बल्लेबाज इसके बाद बेंगलुरू में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में रिहैबिलिटेशन से गुजरा और अब एशिया कप में खेलने के लिए फिट हो गया। वह हालांकि हल्की चोट के कारण श्रीलंका में चल रहे इस टूर्नामेंट के शुरुआती दो मैच में नहीं खेल पाए। राहुल का हालांकि चार सितंबर को दोबारा आकलन किया गया और उन्हें इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट के लिए कैंडी में भारतीय टीम से जुड़ने की स्वीकृति मिल गई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा रविवार को पोस्ट किए गए वीडियो में राहुल ने कहा, 'कई बार आप मानसिक लड़ाई भी लड़ते हो जहां आप हमेशा सोचते हो कि मुझे दर्द हो सकता है। और जब आप इस मानसिकता में होते हो तो कौशल पर ध्यान केंद्रित नहीं कर पाते।' उन्होंने कहा, 'इसलिए सबसे बड़ी चुनौती चीजों से जुड़े इस डर और दर्द से पार पाना होती है।

## हमारा लक्ष्य बिना किसी पछतावे के चीन से लौटना है : हॉकी फॉरवर्ड अभिषेक

**बेंगलुरू।** पहली बार एशियाई खेलों में भाग लेने जा रहे भारत के उदीयमान हॉकी फॉरवर्ड अभिषेक का लक्ष्य पूरे आत्मविश्वास के साथ खेलना और चीन से बिना किसी पछतावे के लौटने का है। 24 वर्ष के अभिषेक को इस स्तर पर खेलने का मौका देर से मिला लेकिन 48 मैचों में 18 गोल करके उन्होंने टीम में अपनी जगह पक्की कर ली है। उन्होंने कहा कि टीम में चयन से मैं काफी खुश हूं। मैं सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने को बेताब हूं। हांगझोउ एशियाई खेल बड़ा टूर्नामेंट है और हम काफी दमदार तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम आत्मविश्वास के साथ खेलेंगे और हमारा लक्ष्य बिना किसी पछतावे के टूर्नामेंट से रवाना होने का है।

# अमेरिका की 19 वर्षीय कोको गॉफ ने जीता यूएस ओपन का खिताब

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका की 19 वर्षीय कोको गॉफ यूएस ओपन 2023 की चैंपियन बन गई हैं। कोको ने यहां आर्थर एशे स्टेडियम में हुए फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए बेलारूस की अरीना सबालेंका को शिकस्त दी। कोको के करियर का यह पहला ग्रैंडस्लैम खिताब भी है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स में यह जानकारी दी गई।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अमेरिका की इस खिलाड़ी के सामने सबालेंका पूरी तरह से असहाय नजर आई और पहला सेट गंवाने के बाद कोको गॉफ ने मैच में जोरदार वापसी की। हालांकि कोको के लिए खिताबी मुकाबले की शुरुआत अच्छी नहीं रही। सबालेंका ने पहले सेट को 6-2 से अपने नाम किया। इसके बाद दूसरे सेट में कोको ने बेहतरीन कमबैक किया। अमेरिका की युवा खिलाड़ी ने सेट को 6-3 से जीता। तीसरे सेट में भी कोको गॉफ सबालेंका पर भारी पड़ीं और उन्होंने 6-2 से सेट को अपने नाम करते हुए खिताब पर कब्जा जमाया। रिपोर्ट्स के अनुसार कोको गॉफ इस अवसर पर भावुक हो गईं। वह अपने आंसू नहीं रोक सकीं और बीच कोर्ट पर रोने लगीं। यूएस ओपन के खिताबी मुकाबले में सबालेंका को फेवरेट माना जा रहा था। हालांकि, कोको ने अपने खेल से हर किसी को अपना दीवाना बना दिया। सेमीफाइनल मुकाबले में कोको ने कैरोलिना मुचोवा को मात देते हुए फाइनल का टिकट हासिल किया था।



## स्टेनली ग्रैन्डी ने राइफल और शॉटगन शूटर ने एक बार फिर मंदसौर का परचम लहराया

**मंदसौर।** मध्य प्रदेश के महू में 3 सितम्बर से 10 सितम्बर तक 32 जीवी मावलंकर (प्री नेशनल) शॉटगन शूटिंग प्रतियोगिता संचालित कि जा रही है। इस प्रतियोगिता में मंदसौर जिले के एकमात्र राष्ट्रीय स्तर के शूटर स्टेनली ग्रैन्डी ने भाग लिया और ट्रैप शूटिंग इवेंट में उम्दा प्रदर्शन किया और हर साल के तरह इस साल भी नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में अपना स्थान बरकरार रखकर मंदसौर जिले को गौरवान्वित किया है। स्टैनली मंदसौर के एकलौते राष्ट्रीय स्तर के राइफल और शॉटगन शूटर हैं। श्री ग्रैन्डी ने इस पहले भी महू और देश की राजधानी दिल्ली सहित अनेक स्थानों पर शार्टगन प्रतियोगिताओं में भाग लेकर मंदसौर का परचम फहराया है।



# भारत को खेलों की दुनिया में मजबूत विद्या भारती से करें : गिरीश चंद्र यादव

**प्रयागराज।** विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित 34वीं क्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज सिविल लाइन्स में हुआ। राज्यमंत्री गिरीश चन्द्र यादव ने कहा कि यदि भारत को खेलों की दुनिया में मजबूत करना है तो उसकी शुरूआत यहीं से करनी होगी। उन्होंने कहा कि संस्कारयुक्त माहौल में पले बढ़े ये खिलाड़ी खेल की विविध विधाओं में न केवल राष्ट्रीय स्तर पर अपितु अन्तरराष्ट्रीय पटल पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने में सफल रहेंगे। बतौर मुख्य अतिथि राज्यमंत्री ने बताया कि खेल प्रोत्साहन में योजनाओं का शुभारम्भ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किया गया है, जिसके अंतर्गत विभिन्न सरकारी नौकरियों में 2 प्रतिशत का कोटा खिलाड़ियों के लिए रिजर्व किया गया है। उन्होंने कहा कि खेल के क्षेत्र में विद्या भारती द्वारा दिया जा रहा योगदान निश्चित रुप से सराहनीय है।

विद्या भारती क्षेत्रीय संगठन मंत्री हेमचन्द्र ने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। अतः शरीर को स्वस्थ रखने के लिये खेलकूद एवं योगासन की प्रमुख भूमिका होती है। इस दौरान विशिष्ट अतिथि संगठन मंत्री विद्या भारती काशी प्रान्त डॉ राम मनोहर, जगदीश सिंह क्षेत्रीय खेलकूद प्रमुख विद्या भारती पूर्वी उत्र तथा शेषधर द्विवेदी प्रदेश निरीक्षक विद्या भारती काशी प्रान्त उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य विक्रम बहादुर सिंह परिहार ने अतिथियो का स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्रम् से स्वागत किया।अध्यक्षता करते हुए महापौर गणेश केसरवानी ने कहा कि विद्या भारती शिक्षण संस्थान आज पूरे देश में विभिन्न क्षेत्रो में अपनी अग्रणी भूमिका निभा रही है। इसी क्रम में खेल के क्षेत्र में भी विद्या भारती के छात्र-छात्राएँ जिला, प्रदेश, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न विधाओं में पदक प्राप्त करके न केवल अपने संस्थान का बल्कि पूरे देश का नाम रोशन कर रहें है।




अन्त में विद्यालय के अध्यक्ष च्यवन भार्गव ने सभी लोगों के प्रति आभार ज्ञापित किया। प्रतियोगिता में विद्या भारती पूर्वी उत्र के चारों प्रान्तों (काशी, अवध, गोरक्ष एवं कानपुर) से लगभग 500 भैया-बहन, उनके संरक्षक आचार्य-आचार्या एवं निर्णायक मण्डल के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# काउंटी चैम्पियनशिप के तीन मैचों के लिए नॉर्थम्पटनशायर में शामिल हुए करुण नायर

**नॉर्थम्पटनशायर।** भारतीय बल्लेबाज करुण नायर काउंटी चैम्पियनशिप के शेष बचे मैचों के लिए नॉर्थम्पटनशायर में शामिल हो गए हैं। करुण ने ऑस्ट्रेलिया के सैम व्हाइटमैन की जगह ली है। 31 वर्षीय खिलाड़ी का सभी प्रारूपों में प्रभावशाली रिकॉर्ड है और वह सैम व्हाइटमैन के स्थान पर शेष तीन काउंटी चैम्पियनशिप मुकाबलों के लिए पहुंचे हैं।

नायर ने नॉर्थम्पटनशायर काउंटी क्रिकेट क्लब की प्रेस विज्ञप्ति में कहा, 'मैं वास्तव में नॉर्थम्पटनशायर में शामिल होने और काउंटी चैम्पियनशिप में खेलने के लिए उत्सुक हूं। मैंने काउंटी क्रिकेट के बारे में बहुत कुछ सुना है और मैं जानता हूं कि पृथ्वी शॉ ने टीम के साथ अपने समय का भरपूर आनंद लिया, इसलिए इसमें शामिल होने का अवसर पाना रोमांचक है।'

नायर ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 85 मैचों में 48.94 के औसत और 15 शतकों के साथ 6,000 रन बनाए हैं। उन्हें 2016 में भारतीय टेस्ट टीम के लिए बुलावा आया और उन्होंने चेन्नई में इंग्लैंड के खिलाफ अपने पहले अंतरराष्ट्रीय शतक को नाबाद तिहरे शतक में बदल दिया।

नायर ने कहा, 'उम्मीद है कि मैं वहां रहते हुए टीम पर प्रभाव डाल सकूंगा, यही मेरे लिए मुख्य बात है। यह इन आखिरी तीन मैचों में टीम को कुछ जीत दिलाने में मदद करने और जितना मैं कर सकता हूं उतना करने के बारे में है।' नॉर्थम्पटनशायर के मुख्य कोच जॉन सैडलर को नायर जैसी क्षमता वाले खिलाड़ी को साइन करके खुशी हुई। सैडलर ने कहा, यह बहुत अच्छा है कि हम करुण को शेष सीज़न के लिए सुरक्षित करने में सक्षम हैं, वह वास्तव में आगे बढ़ने के लिए उत्सुक है। नायर एक उच्च श्रेणी के बल्लेबाज हैं जिन्होंने अपने करियर में 11,000 रन बनाए हैं और उनके प्रथम श्रेणी रन विशेष रूप से विशेष हैं।



# यूरो 2024 क्वालीफाइंगः स्पेन, पुर्तगाल, क्रोएशिया ने दर्ज की जीत

**त्बिलिसी।** कप्तान अल्वारो मोराटा की हैट्रिक की मदद से दो बार के चैंपियन स्पेन ने यूरो 2024 क्वालीफाइंग ग्रुप ए मैच में जॉर्जिया पर 7-1 से बड़ी जीत हासिल की। स्पेन के लिए मोराटा (22वें, 40वें और 65वें मिनट), सोलोमन किविर्कवेलिया (27वें मिनट, आत्मघाती गोल), दानी ओल्मो (38वें मिनट), निको विलियम्स (68वें मिनट) और लैमिन यामल (74वें मिनट) ने गोल किये। जॉर्जिया के लिए 49वें मिनट में जियोर्गी चकवेतादजे ने एकमात्र गोल किया। इस जीत के साथ, स्पेन अब ग्रुप ए में दो जीत और एक हार के साथ छह अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि जॉर्जिया एक जीत, एक हार और दो ड्रॉ के साथ चार अंकों के साथ चौथे स्थान पर है।

ग्रुप ए के एक अन्य मैच में स्कॉटलैंड ने साइप्रस को 3-0 से हराया। स्कॉटलैंड के लिए स्कॉट मैकटोमिने (छठे मिनट), रयान पोर्टियस (16वें मिनट) और जॉन मैकगिन (30वें मिनट) ने गोल किए, जिससे वह पांच मैचों में पांच जीत और कुल 15 अंकों के साथ शीर्ष पर बना हुआ है। साइप्रस अपने सभी चार मैच हार चुका है और सबसे निचले पायदान पर है।

ग्रुप डी मैच में, कतर में 2022 फीफा विश्व कप में तीसरे स्थान पर रहने वाले क्रोएशिया ने ब्रूनो पेटकोविच (तीसरे और 44 वें मिनट) के दो और लुका इवानुसेक (13 वें मिनट), आंद्रेज क्रामारिक (68वें मिनट) और मारियो पासालिक (78वें मिनट) के 1-1 गोल की बदौलत लातविया को 5-0 से हरा दिया। इस जीत के साथ ही क्रोएशिया दो जीत और एक ड्रॉ व सात अंकों के साथ दूसरे स्थान पर आ गया है, जबकि लातविया अब तक अपने सभी मैच हारकर सबसे निचले पायदान पर है। 2016 यूरो चैंपियन पुर्तगाल ने ग्रुप जे मैच में स्लोवाकिया को 1-0 से हराया। पुर्तगाल के लिए ब्रूनो फर्नांडिस ने 43वें मिनट में एकमात्र गोल किया। पुर्तगाल अपने पांच में से पांच मैच जीतकर 15 अंकों के साथ शीर्ष पर बना हुआ है। स्लोवाकिया पांच मैचों में तीन जीत, एक हार और एक ड्रा के साथ 10 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। यूरो 2024 अगले साल जुलाई तक होगा। क्वालीफायर प्रक्रिया जारी है जिसके माध्यम से जर्मनी में स्वचालित रूप से योग्य मेजबानों के अलावा बाकी 23 प्रतिभागियों का निर्धारण किया जाएगा।

पांच-पांच टीमों के 10 समूह हैं, जिनमें से प्रत्येक समूह में शीर्ष दो टीमें क्वालीफाई करेंगी। मार्च 2024 से प्लेऑफ़ के माध्यम से तीन और टीमों की पुष्टि की जाएगी।

# 'मेरे नियंत्रण में नहीं है', विश्व कप टीम में जगह ना मिलने पर बोले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन

**ब्लोमफोंटेन।** दूसरे वनडे में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने मैच विजेता शतक के बाद ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन ने कहा कि आईसीसी क्रिकेट विश्व कप में जगह बनाना उनके नियंत्रण में नहीं है और वह बस इतना ही कर सकते हैं कि खेल का आनंद लें। उन्होंने कहा कि उन्हें लगता है कि वह और अधिक रन बना सकते थे।

ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के दूसरे वनडे में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने प्रभावशाली 123 रनों से जीत के बाद पाकिस्तान को आईसीसी पुरुष एकदिवसीय रैंकिंग में पछाड़कर शीर्ष पर अपनी जगह पक्की की। मैच के बाद उन्होंने कहा, 'उनमें से ज्यादातर परिवार के हैं। यह हमेशा अच्छा होता है, थोड़ा अतिरिक्त दबाव होता है। दोस्तों और परिवार के सामने कुछ रन बनाना अच्छा लगता है। मुझे अभी भी लगता है कि मैंने कुछ रन छोड़ दिए हैं।'

उन्होंने कहा, 'सोचा था कि मैं खुल सकता था और 430 तक ले जा सकता था। लेकिन जैसा कि खेल होता है, यह आपको और अधिक चाहने पर मजबूर कर देता है। आपको संतुष्ट रहना होगा। हम जिस तरह से इस तक पहुंचे उससे मैं खुश हूं। हमने एक शानदार शुरुआत की, बल्लेबाजी करें और उन पर तुरंत दबाव बनाएं। वर्ल्ड कप स्पॉट उन चीजों में से एक है जो बिल्कुल भी मेरे नियंत्रण में नहीं है। मेरी बात सिर्फ क्रिकेट खेलने का आनंद लेने की है।'

जैसा कि मैंने शम्सी से कहा, 'अगर मैं घर जाता हूं, तो मुझे अपनी बेटी देखने को मिलती है, अगर मैं विश्व कप में जाता हूं, तो मुझे ऑस्ट्रेलिया के लिए विश्व कप खेलने का मौका मिलेगा, इसलिए मेरा काम अच्छा प्रदर्शन करना है। प्रोटियाज के खिलाफ पहले एकदिवसीय मैच में कैमरून ग्रीन के स्थानापन्न के रूप में फिर से पीला रंग पहनने के बाद से बल्लेबाज ने समय पर बयान दिया है।



# शाहीन अफरीदी बड़ी संपत्ति हैं, लेकिन अहंकार गायब है; भारत के खिलाफ मैच से पहले बोले शोएब अख्तर

**कराची।** पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने एशिया कप 2023 के सुपर फोर चरण में चिर-प्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान के बीच बहुप्रतीक्षित मुकाबले से पहले तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी की जमकर तारीफ की। प्रतियोगिता से पहले शोएब ने एक हालिया साक्षात्कार में हल्की-फुल्की चर्चा में कई पहलुओं पर बात की। बातचीत के बीच में पूर्व तेज गेंदबाज ने शाहीन के प्रदर्शन की प्रशंसा की हालांकि, तेज गेंदबाज से और अधिक 'अहंकार' चाहते थे।

अख्तर ने कहा, 'शाहीन (अफरीदी) एक महान संपत्ति हैं। लेकिन आप जानते हैं, अहंकार गायब है (हंसते हुए)। बस इतना ही। मेरा मतलब है कि भले ही मैं 135 किमी प्रति घंटे से कम गति से गेंदबाजी कर रहा हूं, लेकिन मैं 145 किमी प्रति घंटे की रफ्तार को कोसूंगा! तो वह गायब है।'

पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा, 'थोड़ा इधर-उधर लात मारो। क्या होगा? कम से कम इतना तो हो सकता है कि तुम पर जुर्माना लग जाए। जुर्माना लगाओ। रग्बी टैकल दो - कुछ नहीं होगा (हंसते हुए)। बस क्रिकेट में थोड़ा सा हुनर रखो आप खेलते हैं। झगड़े हर खेल में होते हैं, लेकिन क्रिकेट में इतने शिष्टाचार, मुझे यह पसंद नहीं है।'

गौरतलब है कि शाहीन ने ग्रुप स्टेज में टीम इंडिया के खिलाफ पहले मैच के दौरान बल्लेबाजी क्रम को तहस-नहस कर दिया था। तेज गेंदबाज ने रोहित शर्मा, विराट कोहली, हार्दिक पंड्या और रवींद्र जडेजा के महत्वपूर्ण विकेट लिए और अपने 10 ओवरों में 3.50 की शानदार इकॉनमी से केवल 35 रन दिए जिसमें दो मेडन ओवर भी शामिल थे।



# पाकिस्तान के गेंदबाजों के खिलाफ ज्यादा नहीं खेलने से बड़े टूर्नामेंटों में असर पड़ता है : शुभमन गिल

**कोलंबो।** एशिया कप के ग्रुप चरण मैच में 32 गेंदों में 10 रन की पारी के दौरान पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों की तिकड़ी के सामने असहज दिखे भारतीय सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने कहा कि इस देश के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ज्यादा नहीं खेलने के कारण शाहीन शाह अफरीदी और हारिस रऊफ जैसे गेंदबाजों का सामना करना चुनौतीपूर्ण होता है। भारतीय शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को अफरीदी की अंदर आने वाली गेंदों पर परेशानी होती है। गिल ने पाकिस्तान के खिलाफ रविवार को खेले जाने वाले सुपर चरण मैच से पहले कहा कि हम पाकिस्तान के खिलाफ उतने मैच नहीं खेलते जितना हम अन्य टीमों के खिलाफ खेलते हैं। हम सभी जानते हैं यह गेंदबाजी आक्रमण काफी अच्छा है और जब आप अक्सर ऐसी गेंदबाजी के खिलाफ नहीं खेलते हैं तो बड़े टूर्नामेंटों में थोड़ा फर्क पड़ता है।

भारत और पाकिस्तान की टीमें विश्व कप और एशिया कप जैसे टूर्नामेंटों में ही एक-दूसरे का आमना-सामना करती है। गिल ने कहा कि वह खासकर शाहीन की चुनौती से निपटने के लिए बाएं हाथ के थ्रो-डाउन विशेषज्ञ नुवान सेनेविरत्ने के खिलाफ अभ्यास पर भरोसा कर रहे है। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से (प्रशिक्षण से मदद मिली है)। वह (नुवान) पिछले 7-8 वर्षों से हमारे साथ हैं। यह विविधता होना अच्छा है। हमारे पास दाएं हाथ का विशेषज्ञ (रघु), अलग तरह की एक्शन का विशेषज्ञ (दयानंद गरानी) और बाएं हाथ का विशेषज्ञ है। आप जिस भी परिस्थिति में खेलें, यह मदद करता है।

गिल ने कहा कि पाकिस्तान के तेज गेंदबाज काफी अलग तरह के है। उनकी अपनी खासियतें हैं। शाहीन गेंद को काफी स्विंग कराते हैं। नसीम शाह गति पर ध्यान देते हैं और उन्हें विकेट से मदद पसंद है। वे अलग-अलग परिस्थितियों में अलग-अलग तरह की चुनौतियां पेश करते हैं।' गिल ने कहा कि पिछले मैच के उलट इस मुकाबले में हावी होना होगा। भारत ने ग्रुप चरण के मैच में 66 रन पर चार विकेट गंवा दिया था।गिल ने कहा कि सलामी बल्लेबाज के तौर पर हमें अच्छी शुरुआत करने और शुरू से ही उन पर हावी होने की जरूरत है। उन्होंने रोहित के साथ अपनी साझेदारी को अहम करार देते हुए कहा कि वह (रोहित) ऐसे खिलाड़ी है गेंदबाजों को अधिक हवा में खेलना पसंद करते हैं और मुझे पावर प्ले में जमीनी शॉट खेलना पसंद है। यह संयोजन हमारे लिए अच्छा काम करता है। हम शॉट चयन और परिस्थितियों से निपटने के मामले में अलग-अलग तरीका अपनाते है। इससे विरोधी टीम के लिए हमें रोकना थोड़ा मुश्किल हो जाता है। पिछले मैच में पाकिस्तान के गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन के बाद भी गिल का मानना है कि टीम किसी तरह के दबाव में नहीं है। उन्होंने कहा कि सीनियर स्तर पर पाकिस्तान के खिलाफ यह मेरा पहला मुकाबला था। यह अलग तरह का दबाव था। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में आप अफगानिस्तान, नीदरलैंड, पाकिस्तान या किसी भी टीम के खिलाफ खेले, दबाव तो हमेशा रहेगा।

